सं0–689/38–6–2021/165एलसी/2020–टीसी1

प्रेषक,

मनोज कुमार सिंह
अपर मुख्य सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1. समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
2. समस्त मुख्य विकास अधिकारी, उत्तर प्रदेश।

ग्राम्य विकास अनुभाग–6 लखनऊः दिनांकः 10 दिसम्बर, 2021

विषय :–दिनांक 21.12.2021 को जनपद प्रयागराज में स्वयं सहायता समूह के सदस्यों एवं अन्य कार्यक्रमों के लाभार्थियों के साथ प्रस्तावित संगोष्ठी के सम्बन्ध में दिशा–निर्देश।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर शासन के पत्र संख्या– 651/38–6–2021–165एलसी/2020 टीसी–1 दिनांक 26.11.2021, जिसके द्वारा प्रयागराज में दिनांक 21.12.2021 को निम्नलिखित कार्यक्रमों के सदस्य/लाभार्थीगण के साथ आयोजन व संगोष्ठी प्रस्तावित है, का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। संगोष्ठी में समस्त जनपदों से निम्नलिखित तालिका के स्तम्भ–2 में अंकित योजना के लाभार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया जाना हैः–

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | प्रतिभागियों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | बी0सी0सखी योजना के लाभार्थी, | 54715 |
| 2 | कम्युनिटी सैनीटेशन काम्प्लेक्स (सामुदायिक शौचालय) के रखरखाव से जुड़े स्वयं सहायता समूह के सदस्य | 51332 |
| 3 | टेक होम राशन के प्लान्ट का शिलान्यास व माइक्रो इन्टरप्राइजेज के सदस्यों आदि की भागीदारी, | 4040 |
| 4 | स्वयं सहायता समूह के सदस्य | 108873 |
| 5 | कन्या सुमंगला योजना | 31600 |
| | योग | **250560** |

इस प्रकार उपरोक्त योजनाओं से जुड़े लगभग ढाई लाख महिला लाभार्थियों द्वारा प्रस्तावित संगोष्ठी में प्रतिभाग किया जायेगा। अतः कार्यक्रम के आयोजन हेतु निम्नानुसार एस0ओ0पी0 निर्धारित की जाती हैः–

**1. कन्ट्रोल रूम की स्थापना**

- उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा पूरे कार्यक्रम के नियंत्रण हेतु एक कन्ट्रोल रूम दिनांक 10.12.2021 से स्थापित किया जायेगा। यह कन्ट्रोल रूम जनपद प्रयागराज में कार्यक्रम के समाप्त होने के पश्चात् सभी लाभार्थियों के अपने–अपने घर तक पहुंचने की पुष्टि हो जाने तक स्थापित रहेगा।
- कन्ट्रोल रूम 24 घंटे संचालित होगा तथा कन्ट्रोल रूम में पर्याप्त संख्या में शिफ्टवार ड्यूटी मिशन निदेशक के स्तर से लगायी जायेगी जिनका मोबाईल नम्बर समस्त

जिलाधिकारियों, मुख्य विकास अधिकारियों तथा उपायुक्त स्वतः रोजगार के साथ–साथ सम्बन्धित अन्य विभागों को भी शेयर किया जायेगा।

- कन्ट्रोल रूम में सभी जिलों के जिलाधिकारियों, पुलिस अधीक्षकों के नम्बर के साथ इमरजेंसी सेवाओं के नम्बर भी रखे जायेंगे जिससे किसी भी अपरिहार्य स्थिति में सहायता उपलब्ध करायी जा सके।
- प्रतिभागियों के ठहरने के स्थल का पूर्ण पता एवं नोडल अधिकारी का मोबाईल नम्बर रखा जाना साथ ही एक रजिस्टर भी रखा जायेगा जिसमें यदि किसी प्रकार की मांग/शिकायत आती है तो उसे दर्ज किया जाये तथा सक्षम स्तर को अवगत कराते हुए निस्तारित कराया जाये।
- यात्रा के दौरान यदि किसी प्रतिभागी के स्वास्थ्य सम्बन्धित परेशानी होती है तो इस सम्बन्ध में तत्काल कन्ट्रोल रूम को सूचित किया जायेगा जिससे कि उसे निकटतम स्थल से चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी जा सके।

**2. <u>लाभार्थियों का चिन्हांकन एवं उन्हें एक स्थान पर एकत्र किया जाना</u>**

- प्रत्येक ग्राम पंचायत से एक बी0सी0 सखी, एक कम्यूनिटी सैनिटाइजेशन कर्मी।
- टी0एच0आर0 योजना से सम्बन्धित 43 जनपदों में प्रस्तावित 202 टी0एच0आर0 यूनिट के सापेक्ष प्रति टी0एच0आर0 यूनित के 20 सदस्य।
- कन्या सुमंगला योजना के अंतर्गत प्रतिभागी ।
- सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत प्रतिभागी।
- उक्त सभी लाभार्थियों को एकत्र करने की इकाई विकास खण्ड स्तर पर होगी। विकास खण्ड स्तर तक पहुचांने हेतु लोगों को आवश्यक व्यवस्था सम्बन्धित जनपद के उपायुक्त स्वतः रोजगार द्वारा की जायेगी।
- विकास खण्ड स्तर पर प्रतिभाग करने वाले लाभार्थियों की संख्या के अनुसार बसों की व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी।
- प्रत्येक बस में 02 स्टाफ, 02 सुरक्षाकर्मी होंगे। इसके अतिरिक्त 50 प्रतिभागी प्रत्येक बस में बैठने की व्यवस्था की जायेगी। इसी के अनुक्रम में बसों की संख्या का निर्धारण किया जायेगा।
- विकास खण्ड स्तर से सभी बसें एक साथ प्रस्थान करेंगी। ये बसें इस प्रकार से रवाना की जायेंगी कि जनपद की समस्त बसें जनपद स्तर पर जिलाधिकारी के स्तर से निर्धारित मीटिंग प्वाइन्ट पर निर्धारित समय पर पहुंचेंगी तथा जनपद से आगे की यात्रा एक साथ करेंगी।

**3. <u>बसों में सुरक्षा व्यवस्थाः–</u>**

कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले सभी लाभार्थी महिलायें है, अतः यह आवश्यक है कि बसों में पर्याप्त व्यवस्था की जाय, इस हेतु निम्नवत् निर्देशों का पालन किया जाना है–

- सभी बसों की जनपद के नाम सहित कोडिंग की जायेगी जिसका पूरा विवरण मिशन मुख्यालय द्वारा गठित कन्ट्रोल रूम में बसों के रवाना होने के पूर्व उपलबध कराया जायेगा।
- प्रत्येक बस में एक बी0एम0एम0, एक विकास खण्ड स्तरीय ग्राम विकास अधिकारी/सहायक विकास अधिकारी (जो यथासंभव महिला होंगी) तथा 02 महिला कान्स्टेबल/होमगार्ड की ड्यूटी लगायी जायेगी।
- कन्ट्रोल रूम में सभी बसों का पंजीकरण नम्बर, ड्राइवर का नाम, मोबाईल नम्बर रखा जायेगा।
- बस में यात्रा कर रहे बी0एम0एम0 तथा ग्राम विकास अधिकारी /ए0डी0ओ0 द्वारा आवश्यकता/तत्काल सहायता की स्थिति में कन्ट्रोल रूम को अवगत कराना होगा।

- प्रत्येक बस में फर्स्ट एड किट तथा पर्याप्त मात्रा में आवश्यक औषधि रखी जायेगी।
- कोविड–19 के दृष्टिगत बसो का सैनिटाइजेशन सुनिश्चित किया जायेगा तथा बस में सैनिटाइजर भी रखा जायेगा तथा समस्त भाग लेने वाले लोग मास्क का प्रयोग अनिवार्य रूप से करेंगे।
- ऐसी बसें जो लम्बी दूरी से आ रही हैं अर्थात 10 घंटे से ऊपर की यात्रा करनी है उन बसों में प्रत्येक दशा में 02 ड्राइवर की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये।

4. **यात्रा के दौरान भोजन एवं जलपान की व्यवस्था–**

- सभी जनपद यह सुनिश्चित करेंगे कि यात्रा कर रहे सभी प्रतिभागियों (स्टाफ व सुरक्षा कर्मी, ड्राइवर कन्डक्टर सहित) के जलपान एवं भोजन की उचित व्यवस्था आवश्यकतानुसार सुनिश्चित करायेंगे। इसका उत्तरदायित्व मुख्य विकास अधिकारी/उपायुक्त स्वतः रोजगार का होगा। जलपान एवं भोजन की गुणवत्ता प्रत्येक दशा में सुनिश्चित की जायेगी। इस हेतु यथावश्यक अग्रिम धनराशि स्वीकृत कर दी जाये जिसका समायोजन वास्तविक बिल के आधार उपायुक्त स्वतः रोजगार द्वारा सुनिश्चित कराया जायेगा।
- उक्त व्यवस्था यात्रा की अवधि के अनुसार सुनिश्चित करायी जायेगी।
- लम्बी दूरी के प्रतिभागयों के फ्रेश होने हेतु आवश्यकतानुसार व्यवस्था सम्बन्धित जिले के मुख्य विकास अधिकारी/उपायुक्त स्वतः रोजगार द्वारा सम्बन्धित जनपद जहां पर यह व्यवस्था की जानी हो वहॉ के मुख्य विकास अधिकारी/उपायुक्त स्वतः रोजगार से समन्वयय कर की जायेगी।

5. **प्रतिभागियों के ठहरने की व्यवस्था**

कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले सभी जनपदों के सभी प्रतिभागियों को चार श्रेणी में विभाजित किया गया है जो निम्नवत् हैः–

- श्रेणी–1 में ऐसे जनपदों के प्रतिभागी होंगे जो कार्यक्रम की तिथि के दिन ही यात्रा आरम्भ करेंगे तथा कार्यक्रम के पश्चात् अपने–अपने गन्तव्य तक वापस चले जायेंगे। ऐसे जनपदों एवं प्रतिभागियों के संख्या की सूची संलग्नक–1 पर अवलोकनीय है।
- श्रेणी–2 में ऐसे जनपद होंगे जो कार्यक्रम की तिथि से एक दिन पूर्व यात्रा करेंगे तथा जनपद प्रयागराज में रात्रि विश्राम करेंगे। ऐसे जनपदों एवं प्रतिभागियों के संख्या की सूची संलग्नक–2 पर अवलोकनीय है।
- श्रेणी–3 में ऐसे जनपद होंगे जो कार्यक्रम की तिथि से 01 दिन पूर्व जनपद प्रयागराज के नजदीकी जनपदों में रात्रि विश्राम करेंगे। ऐसे जनपदों एवं प्रतिभागियों के संख्या की सूची संलग्नक–3 पर अवलोकनीय है।
- श्रेणी–4 में ऐसे जनपद हैं जो कार्यक्रम के दिन उपरोक्त चिन्हित प्रतिभागियों के अतिरिक्त सामान्य स्वयं सहायता समूहों की सदस्यों की सहभागिता कार्यक्रम में सुनिश्चित करायेंगे। ऐसे जनपदों एवं प्रतिभागियों के संख्या की सूची संलग्नक–4 पर अवलोकनीय है।
- सभी जनपदों के उपायुक्त स्वतः रोजगार यह सुनिश्चित करेंगे कि दिनांक 21.12.2021 को कार्यक्रम के दिन कार्यक्रम स्थल पर प्रातः 10 बजे तक सभी प्रतिभागी उपस्थित हो जायें। इस हेतु यह आवश्यक है कि कार्यक्रम के दिन यात्रा करने वाले जनपद यात्रा आरम्भ करने का समय इसी के आधार पर निर्धारित करेंगे।
- जिन जनपदों के प्रतिभागी जनपद प्रयागराज अथवा निकट के जनपदों में रात्रि विश्राम कर रहे हैं उन जनपदों के उपायुक्त स्वतः रोजगार प्लान कर लेंगे कि यात्रा आरम्भ ऐसे समय की जाये कि कार्यक्रम से एक दिन पूर्व अर्थात 20.12.2021 के रात्रि 10 बजे तक ठहरने की व्यवस्था के स्थल पर सभी प्रतिभागी पहुंच जायें।

6. **ठहरने के स्थल पर प्रतिभागियों के जलपान एवं भोजन की व्यवस्था—**

- जिन जनपदों में ठहरने की व्यवस्था निर्धारित की गई है उन जनपदों में जिलाधिकारी द्वारा नामित नोडल अधिकारी जनपद में रूकने वाले प्रतिभागियो की संख्या के अनुसार रूकने हेतु स्थल चयन एवं आवश्यक व्यवस्था जिलाधिकारी के निर्देशन में सुनिश्चित करायेंगे।
- ठहरने के स्थल पर आवश्यकता के अनुसार मौसम के दृष्टिगत कम्बल आदि की व्यवस्था कराई जाये।
- पर्याप्त मात्र में शौचालय, स्नानागार की व्यवस्था कराई जाये।
- ठहरने के स्थल पर पर्याप्त मात्रा में प्रकाश की व्यवस्था रखी जाये।
- सुरक्षा के दृष्टि से पुलिस की व्यवस्था कराई जाये।
- पर्याप्त मात्रा में पेयजल की समुचित व्यवस्था कराई जाये।
- जिलाधिकारी से समन्वय कर मुख्य चिकित्साधिकारी के निर्देशन में चिकित्सा शिविर की व्यवस्था कराई जाये।
- स्वच्छता एवं सफाई कराना सुनिश्चित किया जाये।
- समय पर सभी प्रतिभागियों का जलपान व भोजन उपलब्ध कराना सुनिश्चित कराया जाये।

7. **अन्य महत्वपूर्ण निर्देश**

- कार्यक्रम स्थल पर समस्त व्यवस्थायें जिलाधिकारी प्रयागराज के नियंत्रण में रहेंगी। सभी प्रतिभागियों को जिलाधिकारी प्रयागराज द्वारा निधारित प्रोटोकाल के अनुसार प्रतिभाग करना होगा।
- प्रत्येक बस के नोडल अधिकारी निरंतर कन्ट्रोल रूम के सम्पर्क में रहेंगे।
- समस्त मुख्य विकास अधिकारी/उपायुक्त स्वतः रोजगार जिलाधिकारी/वरिष्ठ पुलिस अधिक्षक/पुलिस अधीक्षक से समन्वय कर यह सुनिश्चत करायेंगे कि बसों के आवागमन में किसी भी जनपद में किसी प्रकार की कोई कठिनाई न हो इस आशय से समस्त सम्बन्धित को सूचित कर दिया जाए।
- प्रत्येक बस पर कार्यक्रम से सम्बन्धित बैनर लगाकर यात्रा आरम्भ की जायेगी।
- यात्रा की वापसी में भी उपरोक्त समस्त निर्देशों का पालन किया जाये।
- उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा स्थापित किये गये कन्ट्रोल रूम के **नम्बर 0522–2724611** हैं।
- जिलाधिकारी प्रयागराज के **नम्बर 0532–2440515 (कार्यालय), 0532–2250400/2250300 (आवास)** है।
- कार्यक्रम का नोडल विभाग ग्राम्य विकास विभाग होगा तथा ग्राम्य विकास विभाग के अन्तर्गत मिशन निदेशक, उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन नोडल अधिकारी होंगे।
- कार्यक्रम के आयोजन हेतु पर्याप्त मात्रा में धनराशि सभी जिलों को उपलब्ध करा दी जाये जिससे कार्यक्रम के आयोजन में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।

**संलग्नक यथोपरि।**

भवदीय,

Manoj 10.12.21

(मनोज कुमार सिंह)
अपर मुख्य सचिव,

सं0– 689(1) / 38–6–2021 / तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवष्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. अपर मुख्य सचिव, मा0 मुख्य मंत्री जी, उ0प्र0 शासन।
2. अपर मुख्य सचिव, गृह,उ0प्र0 शाासन को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया अपने स्तर से भी यथावश्यक निर्देश जारी करने का कष्ट करें।
3. प्रमुख सचिव,महिला कल्याण बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, उ0प्र0 शासन।
4. प्रमुख सचिव,समाज कल्याण विभाग, उ0प्र0 शासन।
5. आयुक्त, ग्राम्य विकास, उ0प्र0।
6. मिशन निदेशक, उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन।
7. निदेशक पंचायती राज, उ0प्र0।
8. निदेशक महिला कल्याण, उ0प्र0।
9. समस्त उपायुक्त स्वतः रोजगार / प्रभारी अधिकारी, उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन।
10. गार्ड फाईल।

आज्ञा से

Manoj 10.12.21

(मनोज कुमार सिंह)

अपर मुख्य सचिव,

10/12/2021

# Number of Participants for 21 December, 2021 Prayagraj

| SN | District Name | Nos of Blocks | Nos of GPs | Number of CSC Care Taker of SHG | Number of Panchayat Sahayak (F) | Number of BC Sakhi | Number of THR (F) | Kanya Sumangala Yojana | TOTAL | SHG Members |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| | **TOTAL** | **826** | **58189** | **50772** | **30096** | **54715** | **4040** | **31600** | **171223** | **43600** |
| 1 | AGRA | 15 | 690 | 686 | 324 | 615 | 120 | 180 | **1925** | |
| 2 | ALIGARH | 12 | 867 | 881 | 341 | 822 | 100 | 0 | **2144** | |
| 3 | AMBEDKAR NAGAR | 9 | 902 | 834 | 630 | 888 | 80 | 550 | **2982** | |
| 4 | AMETHI | 13 | 682 | 658 | 415 | 576 | 80 | 300 | **2029** | 2600 |
| 5 | AMROHA | 6 | 597 | 394 | 320 | 564 | 0 | 0 | **1278** | |
| 6 | AURAIYA | 7 | 477 | 405 | 264 | 374 | 60 | 160 | **1263** | |
| 7 | AYODHYA | 11 | 794 | 772 | 534 | 830 | 0 | 700 | **2836** | |
| 8 | AZAMGARH | 22 | 1858 | 1495 | 1196 | 1816 | 120 | 700 | **5327** | |
| 9 | BAGPAT | 6 | 244 | 204 | 100 | 218 | 40 | 0 | **562** | |
| 10 | BAHRAICH | 14 | 1045 | 998 | 526 | 895 | 160 | 500 | **3079** | |
| 11 | BALLIA | 17 | 940 | 547 | 537 | 923 | 0 | 800 | **2807** | |
| 12 | BALRAMPUR | 9 | 800 | 724 | 415 | 573 | 120 | 140 | **1972** | |
| 13 | BANDA. | 8 | 469 | 440 | 220 | 372 | 60 | 520 | **1612** | |
| 14 | BARABANKI | 15 | 1161 | 1053 | 653 | 1153 | 160 | 210 | **3229** | |
| 15 | BAREILLY | 15 | 1193 | 1165 | 539 | 1160 | 0 | 190 | **3054** | |
| 16 | BASTI | 14 | 1185 | 889 | 735 | 1144 | 100 | 400 | **3268** | |
| 17 | BHADOHI | 6 | 546 | 546 | 315 | 512 | 0 | 660 | **2033** | 2100 |
| 18 | BIJNOR | 11 | 1123 | 841 | 599 | 1102 | 120 | 0 | **2662** | |
| 19 | BUDAUN | 15 | 1037 | 1037 | 430 | 950 | 120 | 50 | **2587** | |
| 20 | BULANDSHAHR | 16 | 946 | 702 | 432 | 879 | 0 | 0 | **2013** | |
| 21 | CHANDAULI | 9 | 734 | 509 | 408 | 710 | 80 | 580 | **2287** | |
| 22 | CHITRAKOOT | 5 | 331 | 262 | 118 | 296 | 40 | 330 | **1046** | 2700 |
| 23 | DEORIA | 16 | 1185 | 979 | 694 | 1097 | 100 | 400 | **3270** | |
| 24 | ETAH | 8 | 575 | 492 | 213 | 545 | 0 | 0 | **1250** | |
| 25 | ETAWAH | 8 | 471 | 453 | 242 | 366 | 60 | 280 | **1401** | |
| 26 | FARRUKHABAD | 7 | 594 | 583 | 299 | 583 | 0 | 180 | **1645** | |
| 27 | FATEHPUR | 13 | 834 | 742 | 375 | 684 | 100 | 990 | **2891** | 5900 |
| 28 | FIROZABAD | 9 | 564 | 513 | 180 | 528 | 0 | 170 | **1391** | |
| 29 | GAUTAM BUDDHA NAG | 3 | 88 | 63 | 35 | 82 | 0 | 0 | **180** | |

| SN | District Name | Nos of Blocks | Nos of GPs | Number of CSC Care Taker of SHG | Number of Panchayat Sahayak (F) | Number of BC Sakhi | Number of THR (F) | Kanya Sumangala Yojana | TOTAL | SHG Members |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 30 | GHAZIABAD | 4 | 161 | 161 | 71 | 138 | 0 | 0 | **370** | |
| 31 | GHAZIPUR | 16 | 1238 | 804 | 594 | 1146 | 0 | 650 | **3194** | |
| 32 | GONDA | 16 | 1214 | 759 | 649 | 964 | 0 | 390 | **2762** | |
| 33 | GORAKHPUR | 20 | 1294 | 1191 | 748 | 1265 | 120 | 800 | **4124** | |
| 34 | HAMIRPUR | 7 | 330 | 306 | 150 | 298 | 40 | 400 | **1194** | |
| 35 | HAPUR | 4 | 273 | 251 | 106 | 248 | 0 | 0 | **605** | |
| 36 | HARDOI | 19 | 1306 | 1231 | 718 | 1277 | 160 | 800 | **4186** | |
| 37 | HATHRAS | 7 | 463 | 443 | 207 | 457 | 0 | 0 | **1107** | |
| 38 | JALAUN | 9 | 574 | 495 | 278 | 535 | 40 | 190 | **1538** | |
| 39 | JAUNPUR | 21 | 1740 | 1512 | 948 | 1730 | 0 | 1500 | **5690** | 4700 |
| 40 | JHANSI | 8 | 496 | 488 | 212 | 479 | 40 | 480 | **1699** | |
| 41 | KANNAUJ | 8 | 499 | 426 | 291 | 477 | 60 | 180 | **1434** | |
| 42 | KANPUR DEHAT | 10 | 618 | 587 | 376 | 608 | 0 | 390 | **1961** | |
| 43 | KANPUR NAGAR | 10 | 590 | 588 | 346 | 491 | 0 | 750 | **2175** | |
| 44 | KASGANJ | 7 | 423 | 423 | 179 | 364 | 0 | 0 | **966** | |
| 45 | KAUSHAMBI | 8 | 451 | 428 | 202 | 464 | 0 | 610 | **1704** | 1300 |
| 46 | KUSHINAGAR | 14 | 1003 | 923 | 528 | 1016 | 0 | 500 | **2967** | |
| 47 | LAKHIMPUR KHERI | 15 | 1165 | 1117 | 632 | 1114 | 180 | 900 | **3943** | |
| 48 | LALITPUR | 6 | 415 | 289 | 177 | 385 | 60 | 330 | **1241** | |
| 49 | LUCKNOW | 8 | 494 | 475 | 284 | 536 | 60 | 700 | **2055** | |
| 50 | MAHARAJGANJ | 12 | 882 | 616 | 497 | 912 | 120 | 350 | **2495** | |
| 51 | MAHOBA | 4 | 273 | 253 | 127 | 263 | 40 | 350 | **1033** | |
| 52 | MAINPURI | 9 | 549 | 505 | 197 | 544 | 60 | 100 | **1406** | |
| 53 | MATHURA | 10 | 504 | 484 | 202 | 499 | 0 | 80 | **1265** | |
| 54 | MAU | 9 | 671 | 395 | 406 | 647 | 0 | 750 | **2198** | |
| 55 | MEERUT | 12 | 479 | 479 | 220 | 457 | 0 | 0 | **1156** | |
| 56 | MIRZAPUR | 12 | 809 | 786 | 422 | 770 | 80 | 790 | **2848** | 5900 |
| 57 | MORADABAD | 8 | 643 | 499 | 346 | 573 | 0 | 0 | **1418** | |
| 58 | MUZAFFARNAGAR | 9 | 498 | 438 | 231 | 406 | 0 | 0 | **1075** | |
| 59 | PILIBHIT | 7 | 720 | 719 | 240 | 717 | 0 | 130 | **1806** | |
| 60 | PRATAPGARH | 17 | 1193 | 1024 | 744 | 1147 | 140 | 1800 | **4855** | 3900 |
| 61 | PRAYAGRAJ | 23 | 1540 | 1308 | 866 | 1511 | 160 | 1800 | **5645** | 9400 |
| 62 | RAE BARELI | 18 | 988 | 996 | 625 | 880 | 0 | 900 | **3401** | |
| 63 | RAMPUR | 6 | 680 | 496 | 257 | 664 | 0 | 0 | **1417** | |

| SN | District Name | Nos of Blocks | Nos of GPs | Number of CSC Care Taker of SHG | Number of Panchayat Sahayak (F) | Number of BC Sakhi | Number of THR (F) | Kanya Sumangala Yojana | TOTAL | SHG Members |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 64 | SAHARANPUR | 11 | 884 | 753 | 488 | 849 | 120 | 0 | **2210** | |
| 65 | SAMBHAL | 8 | 670 | 498 | 328 | 551 | 0 | 0 | **1377** | |
| 66 | SANT KABIR NAGAR | 9 | 754 | 580 | 448 | 724 | 80 | 300 | **2132** | |
| 67 | SHAHJAHANPUR | 15 | 1069 | 1010 | 303 | 1020 | 0 | 160 | **2493** | |
| 68 | SHAMLI | 5 | 230 | 204 | 107 | 208 | 40 | 0 | **559** | |
| 69 | SHRAVASTI | 5 | 397 | 393 | 178 | 373 | 40 | 100 | **1084** | |
| 70 | SIDDHARTHNAGAR | 14 | 1136 | 865 | 619 | 1147 | 140 | 300 | **3071** | |
| 71 | SITAPUR | 19 | 1599 | 1529 | 865 | 1580 | 0 | 1000 | **4974** | |
| 72 | SONBHADRA | 10 | 629 | 561 | 328 | 542 | 140 | 850 | **2421** | |
| 73 | SULTANPUR | 14 | 979 | 922 | 463 | 959 | 100 | 680 | **3124** | |
| 74 | UNNAO | 16 | 1040 | 1038 | 603 | 826 | 120 | 1000 | **3587** | |
| 75 | VARANASI | 8 | 694 | 657 | 201 | 697 | 80 | 1600 | **3235** | 5100 |

शासनादेश संख्या-689/38-6-2021/165एलसी/2020-टीसी-1, दिनांक 10 दिसम्बर, 2021 का संलग्नक-1

# दिनांक 21/12/2021 को सीधे कार्यक्रम स्थल पर पहुचने वाले जनपदों की सूची

| SL.No | Same Day District | No. of Benificiary |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | AMETHI | 2029 |
| 2 | CHITRAKOOT | 1046 |
| 3 | FATEHPUR | 2891 |
| 4 | JAUNPUR | 5690 |
| 5 | KAUSHAMBI | 1704 |
| 6 | MIRZAPUR | 2848 |
| 7 | PRATAPGARH | 4855 |
| 8 | VARANASI | 3235 |
| 9 | BHADOHI | 2033 |
| 10 | PRAYAGRAJ | 5645 |
| **Total** | | **31976** |

शासनादेश संख्या-689/38-6-2021/165एलसी/2020-टीसी-1, दिनांक 10 दिसम्बर, 2021 का संलग्नक-2

| जनपद प्रयागराज में दिनांक 20/12/21 को रुकने वाले लाभार्थियों की संख्या | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **S.N.** | **Station District** | **S.N.** | **Staying District** | **No. of Benificiary** |
| 1 | PRAYAGRAJ | 1 | AMBEDKAR NAGAR | 2982 |
| | | 2 | AURAIYA | 1263 |
| | | 3 | AYODHYA | 2836 |
| | | 4 | AZAMGARH | 5327 |
| | | 5 | BANDA | 1612 |
| | | 6 | BARABANKI | 3229 |
| | | 7 | CHANDAULI | 2287 |
| | | 8 | GHAZIPUR | 3194 |
| | | 9 | HAMIRPUR | 1194 |
| | | 10 | JALAUN | 1538 |
| | | 11 | KANNAUJ | 1434 |
| | | 12 | KANPUR DEHAT | 1961 |
| | | 13 | KANPUR NAGAR | 2175 |
| | | 14 | LUCKNOW | 2055 |
| | | 15 | MAU | 2198 |
| | | 16 | RAE BARELI | 3401 |
| | | 17 | SITAPUR | 4974 |
| | | 18 | SONBHADRA | 2421 |
| | | 19 | SULTANPUR | 3124 |
| | | 20 | UNNAO | 3587 |
| | | 21 | MAHOBA | 1033 |
| **Total** | | | | **53825** |

शासनादेश संख्या-689/38-6-2021/165एलसी/2020-टीसी-1, दिनांक 10 दिसम्बर, 2021 का संलग्नक-3

## जनपदों का विवरण जहा दुसरे जनपदों से आकर लाभार्थी रुकेगे

| S.N. | Station District | S.N. | Staying District | No. of Benificiary |
|---|---|---|---|---|
| 1 | AMETHI | 1 | BAHRAICH | 3079 |
| | | 2 | BALRAMPUR | 1972 |
| | | 3 | BASTI | 3268 |
| | | 4 | GONDA | 2762 |
| | | **Total** | | **11081** |
| 2 | BHADOHI | 5 | BALLIA | 2807 |
| | | 6 | DEORIA | 3270 |
| | | 7 | MAHARAJGANJ | 2495 |
| | | 8 | SHRAVASTI | 1084 |
| | | 9 | SIDDHARTHNAGAR | 3071 |
| | | **Total** | | **12727** |
| 3 | FATEHPUR | 10 | BAGPAT | 562 |
| | | 11 | BULANDSHAHR | 2013 |
| | | 12 | ETAH | 1250 |
| | | 13 | ETAWAH | 1401 |
| | | 14 | FARRUKHABAD | 1645 |
| | | 15 | FIROZABAD | 1391 |
| | | 16 | MAINPURI | 1406 |
| | | 17 | MEERUT | 1156 |
| | | **Total** | | **10824** |
| 4 | JAUNPUR | 18 | GORAKHPUR | 4124 |
| | | 19 | KUSHINAGAR | 2967 |
| | | 20 | SANT KABIR NAGAR | 2132 |
| | | **Total** | | **9223** |
| 5 | KAUSHAMBI | 21 | GAUTAM BUDDHA NAGAR | 180 |
| | | 22 | GHAZIABAD | 370 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | 23 | HAPUR | 605 |
| | | 24 | HATHRAS | 1107 |
| | | 25 | JHANSI | 1699 |
| | | 26 | KASGANJ | 966 |
| | | 27 | LALITPUR | 1241 |
| | | **Total** | | **6168** |
| **6** | **PRATAPGARH** | 28 | MORADABAD | 1418 |
| | | 29 | MUZAFFARNAGAR | 1075 |
| | | 30 | PILIBHIT | 1806 |
| | | 31 | RAMPUR | 1417 |
| | | 32 | SAHARANPUR | 2210 |
| | | 33 | SAMBHAL | 1377 |
| | | 34 | SHAHJAHANPUR | 2493 |
| | | 35 | SHAMLI | 559 |
| | | **Total** | | **12355** |
| **7** | **RAEBARELI (UNCHAHAR)** | 36 | AMROHA | 1278 |
| | | 37 | BAREILLY | 3054 |
| | | 38 | BIJNOR | 2662 |
| | | 39 | BUDAUN | 2587 |
| | | 40 | HARDOI | 4186 |
| | | 41 | LAKHIMPUR KHERI | 3943 |
| | | 42 | MATHURA | 1265 |
| | | 43 | AGRA | 1925 |
| | | 44 | ALIGARH | 2144 |
| | | **Total** | | **23044** |
| **Total** | | | | **85422** |

शासनादेश संख्या-689/38-6-2021/165एलसी/2020-टीसी-1, दिनांक 10 दिसम्बर, 2021 का संलग्नक-4

# दिनांक 21/12/2021 को कार्यक्रम में भाग लेने वाले संभावित सदस्यों की सूची

| क्र संख्या | जनपद का नाम | जनपद से अपेक्षित अतिरिक्त स्वयं सहायता समूह सदस्यों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | AMETHI | 2600 |
| 2 | CHITRAKOOT | 2700 |
| 3 | FATEHPUR | 5900 |
| 4 | JAUNPUR | 4700 |
| 5 | KAUSHAMBI | 1300 |
| 6 | MIRZAPUR | 5900 |
| 7 | PRATAPGARH | 3900 |
| 8 | VARANASI | 5100 |
| 9 | BHADOHI | 2100 |
| 10 | PRAYAGRAJ | 9400 |
| **Total** | | **43600** |